देहरादून में खुली लैमन ट्री होटल्स की शाखा

देहरादून (एसएनबी)। लैमन ट्री होटल्स कंपनी ने उत्तराखंड में लैमन ट्री होटल लांच किया है। ग्रुप के सदस्य रतन केसवानी ने कहा कि देहरादून तेजी से विकसित होता हुआ बिजनेस हब है। यह पर्यटन का महत्त्वपूर्ण हब बन चुका है। उन्हें विश्वास है कि उनका होटल कामयाब होगा। राजपुर रोड स्थित पैसेफिक मॉल में होटल को लॉच करते हुए रतन केसवानी ने कहा कि लैमन ट्री होटल देहरादून में सभी सुविधाओं से लैस बिजनेस सेंटर है। यहां विभिन्न प्रकार के सम्मेलनों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है। इसके स्मार्ट मैन्यू में आज अपनी पसंद के अनुसार भारतीय, यूरोपियन, अमेरिकन एवं एशियाई व्यंजनों का चुनाव किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि होटल में अत्याधुनिक एवं स्टाइलिश 49 कमरे व स्यूट्स हैं।

■ मैन्यू में पसंद के अनुसार व्यंजनों का किया जा सकता है चुनाव

पत्रकारों से बातचीत करते लेमन ट्री होटल्स ग्रुप के सदस्य रतन केसवानी।